## खबर संक्षेप

### पानी की समस्या को लेकर एसडीएम से मिले नागरिक

**सांपला।** खंड के गांव खरावड़ के लोग पीने के पानी को लेकर परेशान हैं। मंगलवार को दीपक कुमार, नरेश पवन आदि लोग तहसीलदार और एसडीएम अंकिता पवार से मिले। दीपक ने बताया कि उनके गांव में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों को दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है। गांव की जनसंख्या अधिक होने की वजह से पानी की पूर्ति नहीं हो पाती। पंचायत सरकार को तालाब के लिए जमीन देने को तैयार है। तहसीलदार गुलाब सिंह ने कहा कि जल्द ही जमीन की पैमाइश करा दी जाएंगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो उन्होंने प्रदर्शन करना पड़ेगा।

### प्राचीन मंदिर में हुई श्रीमद् भागवत कथा



**रोहतक।** बाबरा मोहल्ला प्राचीन मंदिर श्रीमद् भागवत कथा के पावन अवसर पर कथावाचक शिवम विष्णु पाठक के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत अमृत रस की ज्ञान गंगा का श्रवण करने हेतु महामंडलेश्वर स्वामी कालिदास महाराज ने पहुंचकर व्यासपीठ को नमन किया एवं सभी भक्तों की मंगल कामना की प्रार्थना की। इस अवसर पर बाबा बालक पुरी धाम की तपोभूमि से महामंडलेश्वर स्वामी कर्ण पुरी महाराज, पूर्व मेयर नगर निगम रोहतक मनमोहन गोयल ,माता दरवाजा मंदिर मंहत थानेश्वर दास व भक्तजन, आदि उपस्थित रहे।

### समुद्र मंथन व ध्रुव चरित्र का जीवंत वर्णन

**रोहतक।** शिवाजी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यास पीठ से महामंडलेश्वर विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों, समुद्र मंथन, मोहिनी अवतार और भक्त ध्रुव-प्रह्लाद के चरित्र का भक्तिमय वर्णन किया। गिरी महाराज ने कहा कि ध्रुव की अटूट भक्ति और कठिन तपस्या हमें ईश्वर पर अटूट विश्वास रखना सिखाती है। इस पावन अवसर पर संत शिरोमणि महामण्डलेश्वर बाबा काली दास महाराज सहित रुक्मणी बंसल, दीपू नागपाल, दीपक जिंदल, बालकिशन गोयल और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे।

## इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग के जरिए छात्रों को बनाया जाएगा इंडस्ट्री रेडी

# बीकॉम ऑनर्स कोर्स : बैंकिंग, ई-कॉमर्स और डेटा एनालिटिक्स में नौकरी के मौके

**एमबीए, सीए जैसे उच्च स्तरीय पेशेवर कोर्स करने वालों को मजबूत आधार प्रदान करेगी | एनईपी 2020 के तहत तैयार पाठ्यक्रम में मल्टीपल एंट्री-एग्जिट और रिसर्च ट्रैक की सुविधा | वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता विकास पर विशेष फोकस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंट गाइड



एआई जनरेटेड फोटो

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कॉमर्स विभाग की ओर से संचालित होने वाला नया चार वर्षीय बीकॉम (ऑनर्स) प्रोग्राम बेहतरीन अवसर लेकर आया है। कॉमर्स क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार यह रोजगारपरक कोर्स विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और आधुनिक कौशल भी प्रदान करेगा। एमडीयू में इस विशेष कोर्स में कुल 60 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। इस कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पाठ्यक्रम में बैंकिंग, वित्त, कराधान, डेटा एनालिटिक्स, ई-कॉमर्स और उद्यमिता जैसे विषयों को शामिल किया गया है। इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट्स और सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग के जरिए छात्रों को इंडस्ट्री के लिए तैयार किया जाएगा। यह कोर्स रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार और उच्च शिक्षा के लिए भी मजबूत आधार साबित होगा।

### यहां चमकाएं करियर

- **वित्तीय सेवाएं और बैंकिंग** : छात्र राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों, वित्तीय संस्थानों और निवेश फर्मों में फाइनेंशियल एनालिस्ट, इन्वेस्टमेंट कंसलटेंट या लोन ऑफिसर के रूप में काम कर सकते हैं।
- **टैक्स कंसल्टेंसी और कराधान** : कॉर्पोरेट घरानों और निजी फर्मों में टैक्स एक्सपर्ट, जीएसटी कंसलटेंट और ऑडिटिंग असिस्टेंट की भारी मांग है, जहां छात्र अपना करियर बना सकते हैं।
- **डेटा एनालिटिक्स** : आज के डिजिटल युग में डेटा विश्लेषण सबसे तेजी से बढ़ता क्षेत्र है। इस कोर्स के माध्यम से छात्र बिजनेस एनालिस्ट और डेटा इन्वेस्टर के रूप में बड़ी टेक कंपनियों में जगह पा सकते हैं।
- **ई-कॉमर्स और डिजिटल बिजनेस** : ऑनलाइन व्यापार के बढ़ते चलन को देखते हुए ई-कॉमर्स मैनेजर और डिजिटल साक्षरता विशेषज्ञ के रूप में रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।
- **सरकारी सेवाएं और उद्यमिता** : यह कोर्स सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत आधार तो देगा ही, साथ ही उद्यमिता विकास मॉड्यूल के जरिए छात्र खुद का स्टार्टअप या बिजनेस शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।
- **स्टॉक मार्केट ऑपरेशन** : यह कोर्स स्टॉक मार्केट ऑपरेशन में भी करियर के अवसर प्रदान करता है।

### आधुनिक और रोजगारपरक

डीन फैकल्टी मैनेजमेंट साइंस और कॉमर्स एवं कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजपाल सिंह ने बताया कि इसे पूरी तरह से आधुनिक और रोजगारपरक बनाया गया है। इस चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम में छात्रों को केवल पारंपरिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि मल्टीपल एंट्री-एग्जिट (जब चाहें कोर्स छोड़ने और दोबारा जुड़ने की सुविधा), कौशल विकास और शोध-आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। चार वर्षीय डिग्री भविष्य में एमबीए, सीए, सीएस और सीएफए जैसे उच्च स्तरीय पेशेवर कोर्स करने वाले छात्रों को मजबूत आधार प्रदान करेगी।

#### यूजी कोर्स में दाखिला प्रक्रिया

### नेकीराम में 1130 और राजकीय महिला कॉलेज में 641 विद्यार्थियों ने किए आवेदन

**रोहतक।** हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक (यूजी) कक्षाओं में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले के विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश के इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन 31 मई तक कर सकते हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने बताया कि कॉलेज में अबतक 641 आवेदन आए है। वहीं, नेकीराम कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि कॉलेज में अबतक 1130 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। नेकीराम कॉलेज में सबसे ज्यादा 451 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इसके बाद बीसीए में 209 आवेदन किए गए है। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मई तक चलेगा। आवेदकों की सूची (आपत्तियों सहित) 02 जून को जारी होगी। कॉलेजों द्वारा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का कार्य 09 मई से 06 जून तक किया जाएगा। योग्य अभ्यर्थियों की सूची 08 जून को आएगी, जिसके बाद 10 जून को पहली मेरिट प्रोविजनल और 11 जून 2026 को पहली मुख्य मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

## पिलाना पीएचसी में लिंगानुपात को लेकर किया जागरूक

#### सात आशा वर्कर्स को नोटिस जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्ती और जागरूकता दोनों स्तरों पर अभियान तेज किया हुआ है। मंगलवार को पिलाना पीएचसी में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा वर्कर्स, एएनएम और पंचों को लिंगानुपात सुधारने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पीएचसी के एमओ डॉ. सौरभ ने कहा कि समाज में बेटा-बेटी के बीच भेदभाव खत्म किए बिना बेहतर लिंगानुपात संभव नहीं है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और भ्रूण लिंग जांच जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी तुरंत विभाग तक पहुंचाएं। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बेटियों का जन्म अनुपात कम हो रहा है, वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### विशेष सर्वे किया जा रहा

जिले के कुछ गांवों में लिंगानुपात सामान्य स्तर से नीचे दर्ज किया गया है। इन गांवों में 7 आशा वर्कर्स को नोटिस जारी किए गए हैं और वहां विशेष सर्वे व मॉनिटरिंग कराई जा रही है। विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं के रिकॉर्ड और जन्म आंकड़ों की लगातार समीक्षा की जा रही है ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

### प्रयास ला रहे रंग

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में लगातार अभियान चलाने से लिंगानुपात में सुधार देखने को मिला है। विभाग स्कूलों, पंचायतों और महिला समूहों के माध्यम से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने में जुटा है। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र का मानना है कि बेटियों को बराबरी का अधिकार देने और सामाजिक मानसिकता बदलने से ही आने वाले समय में बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### लगातार मॉनिटरिंग कर रहे

जिले में लिंगानुपात सुधारना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार सघन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिन गांवों में लिंगानुपात कम मिला है, वहां स्वास्थ्य टीमों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। विभाग की मॉनिटरिंग लगातार जारी है और लोगों को यह समझाया जा रहा है कि बेटियां परिवार और समाज दोनों की बराबर ताकत हैं। सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयास से जिले में जल्द बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

## मकान सूचीकरण कार्य में करें सहयोग: डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नागरिकों से जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य में पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर-घर पहुंचने वाले प्रगणकों को सही और सटीक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि जनगणना का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण के तहत 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही विकास परियोजनाएं और कल्याणकारी योजनाएं तैयार की जाती हैं। मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणक मकानों की संख्या, परिवारों की संख्या, निर्माण सामग्री, छत और फर्श की स्थिति, पेयजल स्रोत, गंदे पानी की निकासी, शौचालय सुविधा, रसोई में उपयोग होने वाले ईंधन सहित अन्य जानकारियां मौके पर ही पोर्टल पर दर्ज कर रहे हैं। जनगणना संबंधी जानकारी के लिए प्रदेश सरकार ने टोल फ्री हेल्पलाइन 1855 भी शुरू की है।



### सीएम विंडो शिकायतों के निपटान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**रोहतक।** सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों के निपटान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा में समाधान रिपोर्ट (एटीआर) अपलोड करना अनिवार्य है और बिना एटीआर के किसी शिकायत को बंद नहीं माना जाएगा। मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम विंडो शिकायतों की समीक्षा बैठक के बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट किए बिना फर्जी तरीके से शिकायत बंद करने या समाधान में अनावश्यक देरी करने पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए और तय समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी हो। बैठक में उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 15,951 शिकायतों का निपटान कर लोगों को राहत दी जा चुकी है, जबकि शेष मामलों पर तेजी से कार्रवाई जारी है।

## जाट स्कूल में एनसीसी कैडेट्स का चयन

#### प्राचार्या और अधिकारियों की देख-रेख में भर्ती प्रक्रिया




**रोहतक।** जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहतक में फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुखबिंदर सिंह व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी के दिशा-निर्देशानुसार में जूनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट की चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गठित भर्ती बोर्ड के सदस्यों में विद्यालय की प्राचार्या सुनीता मलिक, एनसीसी ऑफिसर रेखा दलाल, सूबेदार संतोष कुमार तथा हवलदार अग्नेश कुमार शामिल रहे, जिनकी सीधी देख-रेख में इस चयन प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। इस विशेष भर्ती अभियान में विद्यालय के लगभग 26 उत्साही छात्र-छात्राओं ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स के रूप में अंतिम रूप से चयनित होने से पहले विद्यार्थियों को बेहद कठिन प्रशिक्षण और सख्त चयन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। उनके शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक स्तर को जांचने के साथ-साथ एक लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई, जिसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद ही विद्यार्थियों का चयन सुनिश्चित हुआ। इस उपलब्धि पर चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए एनसीसी ऑफिसर रेखा दलाल ने कहा कि एनसीसी कैडेट बनना आपके लिए एक गौरवपूर्ण शुरुआत है। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता मलिक ने सभी नवनियुक्त कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज डायरी

### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसाइटी रोहतक द्वारा संचालित चार प्रमुख विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वैश्य पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह समारोह वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान विकास गोयल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति एवं रोटरी क्लब सफायर के प्रधान विजय तायल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने कर-कमलों से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर सह-सचिव अनिल बंसल, राहुल जैन गांधरवाल, आकाश गुप्ता, विकास बंसल, अजय गुप्ता (बाबा), मोहित गोयल सहित प्राचार्य प्रवीण कुमार बंसल, प्राचार्या सुश्री सुषमा सुहाग, प्राचार्या रेखा गुप्ता और प्राचार्या शीतल जैन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### लड़कियों ने उठाया नगाड़ा बजाने का आनंद

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक सुभाष नगाड़ा द्वारा नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर, पटियाला के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय नगाड़ा वादन कार्यशाला आज सम्पन्न हो गई। नगाड़ा साँग, रागिनी नौटंकी, रसिया और हरियाणवी लोक नृत्यों के साथ बजने वाला लोक वाद्य यंत्र है जो मुख्य रूप से पुरुषों द्वारा बजाया जाता है। लेकिन स्थानीय अभिनव टोली में चली इस कार्यशाला में संभवतः पहली बार लड़कियों ने भी नगाड़ा बजाने का आनन्द लिया। कार्यशाला के अंतिम दिन अनुभवी साजिंदों और नगाड़ा सीखने वाले बच्चों ने मिलकर साझी प्रस्तुति दी। चार मई से शुरू हुई इस कार्यशाला में 20 से अधिक बच्चों ने हिस्सेदारी की। इनमें दो लड़कियों अमृता और शालिनी ने काफी लग्न से नगाड़ा बजाना सीखा।नगाड़ा वादन के अपने अनुभव साझा करते हुए दोनों ने कहा कि उन्होंने पहली बार कोई साज बजाया है, नगाड़े को तो उन्होंने नजदीक से देखा ही पहली बार है।

### बच्चों को सही दिशा में बढ़ने के लिए किया प्रेरित



**रोहतक।** माता धनपति चैरिटेबल ट्रस्ट रोहतक के शिक्षा सदन में सनातन धर्म के ध्वजवाहक महामंडलेश्वर स्वामी कालिदास महाराज का आगमन हुआ । उनके आगमन पर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रकाश गुप्ता, प्रधान नरेश जैन, सचिव अजेश गुप्ता, प्राचार्या कविता जांगड़ा द्वारा स्वागत अभिनंदन कर पूज्य महाराज का मंगल और स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूज्य महाराज के द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व का मूल रहस्य समझा कर उन्हें सही दिशा दृष्टिकोण में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सतीश भारद्वाज एवं ट्रस्ट के अध्यापक गण आदि उपस्थित रहे।

Happy Birth Day



मिशिता सैनी
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं

### सूचना

मैं, अशोक कुमार पुत्र श्री फैईजी मोहम्मद निवासी वार्ड नं. 8, सांपला, जिला रोहतक, हरि. बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुहिल व उसकी पत्नी अनीशा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मार्केट न्यूज

### अथर्व आयुर्वेद हॉस्पिटल में आधुनिक फिजियोथेरेपी विभाग का शुभारंभ



**रोहतक।** सोनीपत रोड स्थित अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त फिजियोथेरेपी विभाग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में कमर दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों के दर्द, सर्वाइकल, लकवा, स्पोर्ट्स इंजरी और ऑपरेशन के बाद रिकवरी जैसी समस्याओं में फिजियोथेरेपी बेहद लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि अब अस्पताल में आयुर्वेद, पंचकर्म और नेचुरोपैथी के साथ फिजियोथेरेपी सेवाएं भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे मरीजों को बेहतर और समग्र उपचार मिल सकेगा। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अर्चना ने बताया कि फिजियोथेरेपी के जरिए बिना सर्जरी और कम दवाइयों में मांसपेशियों व जोड़ों की कार्यक्षमता बेहतर बनाई जा सकती है। इस मौके पर डॉ. प्रिंस गिरोत्रा, डॉ. डेनिश, ऑपरेशन हेड सपना सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

### काजल ने महाराष्ट्र कुश्ती दंगल में दूसरा और पूजा ने रस्साकशी में प्रथम स्थान प्राप्त किया






**रोहतक।** गांव सुंडाणा की बेटियों ने खेल जगत में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ग्रामीण अंचल के साथ-साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। गांव की दो होनहार बेटियों ने कुश्ती और रस्साकशी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी मेहनत और काबिलियत को साबित किया है। गांव सुंडाणा निवासी काजल ने महाराष्ट्र में आयोजित की गई प्रतिष्ठित सीनियर कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। काजल की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि से खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह है। वहीं दूसरी ओर, गांव की ही एक और होनहार खिलाड़ी पूजा ने जिला झज्जर में आयोजित हुई रस्साकशी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है।

### सांपला : वाइस चेयरमैन और मनोनीत पार्षद की दौड़ तेज

**सांपला।** नगर पालिका चुनाव के परिणाम आने के बाद अब नगर की राजनीति वाइस चेयरमैन और मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति के इर्द-गिर्द घूमने लगी है। चुनाव में भाजपा के केवल पांच पार्षद जीतकर आने के बावजूद परिणामों के बाद लगातार निर्दलीय पार्षद भाजपा की ओर रुख करते दिखाई दे रहे हैं। इसके चलते नगरपालिका में भाजपा का कुनबा पहले से मजबूत माना जा रहा है। नगर पालिका में बनने वाले नए समीकरणों के बीच संभावित दावेदारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। स्थानीय नेताओं से लेकर संगठन स्तर तक लगातार संपर्क साधे जा रहे हैं। वहीं कई दावेदार चंडीगढ़ तक हाजिरी लगाकर अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हुए हैं। बाजार में चर्चा है कि कुछ चेहरे बड़े नेताओं की सिफारिश के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग अपने निजी संपर्क और खर्च के दम पर जगह बनाने में लगे हुए हैं। मनोनीत पार्षदों को लेकर भी नगर में खूब चर्चाएं चल रही हैं। खासकर पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में चुनाव से पहले ही कुछ लोगों को मनोनीत पार्षद बनाए जाने का आश्वासन दिए जाने की बातें अब फिर से सामने आने लगी हैं। राजनीतिक गलियारों में माना जा रहा है कि लाइन पार क्षेत्र से किसी पार्षद को जिम्मेदारी देकर संतुलन बनाने की कोशिश की जा सकती है। इस बार नगरपालिका चुनाव में एक भी पंजाबी पार्षद निर्वाचित नहीं हुआ।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak


आवश्यकता है
मीटर रीडर्स की
हरियाणा एक्ससर्विसेस लीग रोहतक को तुरन्त प्रभाव से मीटर रीडर्स की आवश्यकता है।
इच्छुक प्रार्थी दसवी पास आईटीआई डिप्लोमा के साथ अथवा बारहवी पास अपने सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र के साथ
हरियाणा एक्ससर्विसेस लीग रोहतक, HESL भवन, प्लाट नंबर एक, सैनिक पथ सेक्टर 4, रोहतक-124001 (हरियाणा) में रिपोर्ट करें।
वेतन कार्य क्षमता के अनुसार पाएंगे।

## गांव माड़ौठी के किसान के बेटे ने देश का नाम किया रोशन

# पहलवान परमिंदर ने कुश्ती में गाड़े सफलता के झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कहते हैं कि अगर हौसलों में उड़ान और इरादों में मजबूती हो, तो मिट्टी से उठकर आसमान को छुआ जा सकता है। इसे सच कर दिखाया है झज्जर के माड़ौठी गाँव के रहने वाले एक किसान के बेटे परमिंदर ने। परमिंदर आज सिर्फ अपने गाँव या जिले का ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्ष 2023 से वे रोहतक के देव कॉलोनी स्थित मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। अभी हाल में आयोजित नेशनल कुश्ती रैंकिंग सीरीज में परमिंदर ने कांस्य पदक जीता था।



### परमिंदर की उपलब्धियां

वर्ष 2021 कैडेट नेशनल में स्वर्ण पदक, 2022 में कैडेट नेशनल में रजत, 2022 कैडेट एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण, 2023 खेलो इंडिया गेम्स में कांस्य, 2023 में ग्रांड प्रिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण, 2024 सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। 2024 एशियन चैंपियनशिप व वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया। 2025 जूनियर नेशनल में कांस्य पदक जीता। आठ बार भारत कुमार का खिताब जीत चुके हैं।

### 2012 में की थी सफलता की शुरुआत

परमिंदर ने पहलवानी के इस सफर की शुरुआत वर्ष 2012 में की थी। दरअसल, कुश्ती उनके खून में है और उन्हें यह विरासत में मिली है। उनके पिता रामबीर और चाचा संदीप खुद बेहतरीन पहलवान रह चुके हैं। विशेषकर उनके चाचा संदीप ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर परिवार का गौरव बढ़ाया था। अपने पिता और चाचा की प्रेरणा से ही परमिंदर ने कुश्ती को पूरी गंभीरता से लिया। परमिंदर बताते हैं कि कुश्ती के शुरुआती गुर और दांव-पेच उन्हें घर पर उनके पिता ने ही सिखाए। उनके पिता का हमेशा से एक ही सपना था कि उनका बेटा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश और परिवार का नाम चमकाए और आज परमिंदर उसी सपने को हकीकत में बदल रहे हैं। एक साधारण किसान परिवार से होने के बावजूद परमिंदर के सफर में उनके परिवार ने हर कदम पर उनका पूरा सहयोग किया। पारिवारिक समर्थन, कड़ी मेहनत और खेल के प्रति बेजोड़ समर्पण के बल पर ही वे आज इस ऊंचे मुकाम पर पहुँच पाए हैं। अपने कोच रणबीर ढाका की देखरेख में रोजाना घंटों पसीना बहा रहे परमिंदर का एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स की भी तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए रोजाना 6 से सात घंटे अभ्यास करते हैं। मेहनत करने के बाद देसी डाइट खाते हैं।

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 20 मई 2026

**सुविचार**

*आजकल हाथ जोड़ना ही नहीं, बड़ों से बात करते समय मोबाइल ना चलाना भी बहुत बड़ा सम्मान है।*



**शिमला के लिए सीधी बस शुरू** रोहतक। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा नेता सतीश नांदल, जीएम नवीन कुमार ने शिमला के लिए सीधी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रोज सुबह 10:05 बजे रवाना होगी।

## शहर में आज

- एमडीयू में गैर शिक्षक कर्मचारियों की आम सभा सुबह 9 बजे।
- शिवाजी कॉलोनी के सनातन धर्म मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- लघु सचिवालय में सीटू की तरफ से धरना जारी।
- **बिजली बाधित:** पानीपत रोड फीडर पर कंडक्टर बदलने की वजह से सुबह 6 बजे से 11 बजे तक व शाम को 3 बजे से 7 बजे तक फीडर को बंद रखा जाएगा।

# बच्चों को निःशुल्क हिंदी पढ़ाते हैं ब्रिटेन में मेयर बने रोहतक के तुषार

यूके में 23 साल के युवा ने राजनीति और समाज सेवा में बनाई अलग पहचान

**दिवाली समारोह और हिंदी डे की शुरुआत कर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा दिया**

मां बनीं डिप्टी मेयर, बेटे ने संभाली मेयर की कुर्सी, परिवार ने रच दिया इतिहास

मनोज वर्मा ▶▶| रोहतक

रोहतक के बेटे 23 वर्षीय तुषार कुमार ने ब्रिटेन में इतिहास रचते हुए एल्स्ट्री एंड बोरहमवुड टाउन काउंसिल के मेयर का पद संभाल लिया है।

खास बात यह है कि तुषार ब्रिटेन के इतिहास में सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के मेयर बन गए हैं। यही नहीं उनकी मां परवीन रानी भी हट्र्समेरे बरो काउंसिल में पार्षद हैं और उन्हें डिप्टी मेयर चुना गया है। कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर तुषार कुमार आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं, वो लेबर पार्टी से जुड़े हैं।

### 30 साल बाद लेबर पार्टी को जीत दिलवाई

तुषार बताते हैं कि करीब 10 साल की उम्र में वो रोहतक से अपने माता-पिता के साथ यूके आए थे। उनकी माता परवीन रानी शुरू से ही ब्रिटेन की राजनीति में सक्रिय हो गई थी। तुषार भी अपनी मां के साथ समाज सेवा के कार्यों में जुट गए। 2023 में जब वो किंग्स कॉलेज ऑफ लंदन में सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहे थे तो उन्होंने पहला चुनाव लड़ा और काउंसर बन गए, डिप्टी मेयर की कुर्सी भी उनकी रही। उनकी उपलब्धि यह है कि जो लेबर पार्टी 30 साल से एल्स्ट्री एंड बोरहमवुड टाउन काउंसिल के चुनाव नहीं जीती थी, तुषार ने उसे जितवाया और काउंसलर बने।



### 16-17 साल की उम्र से ही समाज सेवा से जुड़े

*मेयर तुषार कुमार 16-17 साल की उम्र से ही समाज सेवा और चैरिटी से जुड़ गए थे। लोगों की सहायता करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा थी। तुषार कुमार ने हिंदी डे तो मनाने की शुरुआत की ही, साथ में उन्होंने अपने क्षेत्र में दिवाली समारोह बनाने की शुरुआत भी की थी, जो अब हर वर्ष ब्रिटेन के एल्स्ट्री एंड बोरहमवुड टाउन क्षेत्र में मनाया जाने लगा है।*

### हिंदी-हिंदुस्तान के प्रति समर्पित

*एल्स्ट्री एंड बोरहमवुड टाउन काउंसिल के मेयर बने तुषार कुमार हिंदी और हिंदुस्तान के प्रति समर्पित हैं। तुषार हिंदी से बहुत लगाव रखते हैं और उनका पूरा परिवार घर में हिंदी में ही बात करता है। खास बात ये है कि तुषार ब्रिटिश बच्चों को फ्री में हिंदी पढ़ाते हैं। यही नहीं वहां प्रशासन के साथ मिलकर हिंदी डे मनाने की शुरुआत भी तुषार ने की है।*

### एक वोट से प्रतिद्वंद्वी को हराया

*इस चुनाव में तुषार कुमार ने उनके सामने चुनाव लड़ रहे कंजर्वेटिव पार्टी के नेता को कुल 1 वोट से हराया। तुषार कुमार 832 वोट मिले और दो बार मतगणना हुई। इसके बाद तुषार को विजयी घोषित कर दिया गया।*

### सेवा के लिए 30 साल का होने का इंतजार न करें : तुषार

तुषार का कहना है कि जब मेरा परिवार रोहतक में रहता था तो वहां हमारा राजनीति से कोई वास्ता नहीं था, लेकिन यहां ब्रिटेन में राजनीति में आगे बढ़ने के बहुत मौके मिलते हैं। मेरा यही कहना है कि समाज सेवा के लिए कोई भी युवा उम्र को बेरिकेड न माने। किसी भी उम्र में सेवा के काम शुरू किए जा सकते हैं। सेवा के लिए 30 साल का होने का इंतजार न करें।

# 46.9° पर तपा शहर, पारा 45 साल पुराना रिकॉर्ड छूने के करीब



रोहतक। लू के थपेड़ों से बचाव करता पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक में गर्मी ने इस बार मई महीने के पुराने रिकॉर्ड को चुनौती देना शुरू कर दिया है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 6.2 डिग्री अधिक रहा। बीते 24 घंटे में तापमान में 1.7 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम आंकड़ों के अनुसार मई 1981 में रोहतक का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था, जिसे अब तक रिकॉर्ड माना जाता है।

मौजूदा हालात को देखते हुए यह रिकॉर्ड टूटने की आशंका बढ़ गई है। मंगलवार का तापमान इस रिकॉर्ड से महज 0.1 डिग्री कम रहा। गौरतलब है कि गत शुक्रवार तक शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा ही ऊपर था, लेकिन इसके बाद से लगातार तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। पिछले पांच दिनों में पारे ने जिस तेजी से छलांग लगाई है, उसने लोगों को तेज गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच परेशान कर दिया है। सुबह से ही तेज धूप का असर दिखाई देने लगा और दोपहर तक सड़कों पर आवाजाही कम हो गई।

**24 घंटे में ही अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री की बढ़ोतरी**

**फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं**



### दिन ही नहीं अब तपेंगी रातें भी

अब तक दिन के तापमान में ही लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी, लेकिन बीते पांच दिनों में बने मौसम के हालात यह संकेत दे रहे हैं कि रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है। यदि रात का तापमान बढ़ता है तो लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद और कम हो जाएगी। सामान्य तौर पर रात के समय तापमान में गिरावट होने से कुछ राहत मिलती है, लेकिन इस बार दिन और रात दोनों का पारा बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। गर्मी का असर केवल आम जनजीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि बिजली और पानी की मांग पर भी इसका प्रभाव पड़ने लगा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दे रहे हैं। आने वाले कुछ दिन रोहतक के लिए मौसम के लिहाज से और अधिक चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते हैं।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा जिला

भीषण गर्मी के बीच रोहतक ने तापमान के मामले में सिरसा को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर लिया। मंगलवार को रोहतक का अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सिरसा में पारा 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दोनों शहरों के बीच 0.5 डिग्री का अंतर रहा। मालूम रहे कि बीते सोमवार को स्थिति इसके विपरीत थी। उस दिन सिरसा का तापमान रोहतक से अधिक दर्ज किया गया था और वह प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा था। हालांकि एक दिन बाद ही तस्वीर बदल गई और रोहतक सबसे गर्म जिले के रूप में सामने आया। लगातार बढ़ती गर्मी और लू के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है।

# रिफंड के बहाने लिंक भेज ₹90 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइबर ठग अब लोगों को ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। कभी बैंक अधिकारी बनकर तो कभी कस्टमर केयर एजेंट बनकर लोगों के खातों पर हाथ साफ किया जा रहा है। ताजा मामला शहर के मॉडल टाउन का है, जहां एक महिला को अमेजॉन कस्टमर केयर के नाम पर ठगों ने 90 हजार रुपये की चपत लगा दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाउन निवासी शकुंतला देवी ने बताया कि 15 मई को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को अमेजॉन कस्टमर केयर कर्मचारी बताया। ठग ने कहा कि आपने जो "ड्रीम मशीन" ऑर्डर की थी, वह स्टॉक में उपलब्ध नहीं है, इसलिए कंपनी आपके पैसे वापस कर रही है। इसके बाद आरोपी ने महिला के फोन पर एक लिंक भेजा और कहा कि लिंक ओपन करते ही रिफंड मिल जाएगा। महिला ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। कुछ ही देर में उसके बैंक खाते से करीब 90 हजार रुपये कट गए। खाते से पैसे निकलने के मैसेज आने पर महिला को ठगी का पता चला।

### सफर के दौरान युवक का फोन भी हैक

वहीं, एक अन्य मामले में नया पड़ाव निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह चंडीगढ़ से रोहतक आ रहा था। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन अचानक बार-बार बंद और चालू होने लगा। युवक को आशंका है कि उसके फोन को भी हैक करने की कोशिश की गई।

### पुलिस ने लोगों को किया सतर्क

पुलिस का कहना है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही व्हाट्सएप कॉल पर बैंक या ओटीपी संबंधी जानकारी साझा करें। किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर कभी लिंक भेजकर खाते की जानकारी नहीं मांगता। साइबर थाना व सिविल लाइन थाना पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा निंदाना गांव में 22 को

**महम।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा 22 मई को सुबह 8 बजे निंदाना गांव में पहुंचेंगे। इस दौरान वे शहीद पार्क के पास भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे व सम्मान समारोह में भाग लेंगे। भाजपा के युवा नेता दिनेश निंदाना ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल भी शिरकत करेंगे।

### रंगशाला में सेंध: वाहनों की बैटरी व सामान चोरी

**रोहतक।** शहर के मानसरोवर पार्क स्थित पंडित श्रीराम रंगशाला से बीती रात वाहनों की बैटरियां और अन्य सामान चुरा ले गए। सुबह घटना का पता चला। पुलिस को दी शिकायत में गाजूवाला निवासी चौकीदार मोहन ने बताया कि रात को चोर रंगशाला परिसर में घुस आए। बदमाशों ने वहां खड़े वाहनों से बैटरियां निकाल लीं और अन्य सामान भी चोरी कर लिया। सुबह जब वह मौके पर पहुंचा तो सामान गायब मिला। पुलिस ने चौकीदार मोहन की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### सरकारी स्कूल के ताले तोड़ सामान ले गए चोर

**रोहतक।** भालोट स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के ताले तोड़कर चोर वहां रखा सामान ले गए। घटना का पता सुबह स्कूल खुलने पर चला। आईएमटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कूल की प्राचार्य डॉ. डिंपल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें स्कूल के चौकीदार ने सूचना दी कि कमरों के ताले टूटे हुए हैं। जब वह स्कूल पहुंचीं तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था और काफी सामान गायब था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चोर कितने सामान ले गए हैं। स्कूल प्रशासन चोरी हुए सामान का ब्यौरा तैयार कर रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी सुनेंगी जिले की शिकायतें

**रोहतक।** जिले के लोगों की शिकायतों का निवारण अब महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी। इससे पहले यह जिम्मेदारी विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के पास थी। प्रदेश सरकार जनसमस्याओं के बेहतर व प्रभावी समाधान के लिए समय समय पर मंत्रियों की जिम्मेदारियों में बदलाव करती रहती है। परिवेदना सुनवाई व्यवस्था के तहत जिले के नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं, शिकायतें और मांगें सरकार तक पहुंचाते हैं। संबंधित मंत्री इन मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हैं, जिससे शिकायतों का समयबद्ध निपटान हो सके। नई सूची के अनुसार सीएम नायब सिंह सैनी को करनाल और सिरसा, मंत्री कृष्ण लाल पंवार को पंचकूला और कुरुक्षेत्र, मंत्री अनिल विज को यमुनानगर, मंत्री राव नरबीर सिंह को झज्जर और हांसी, मंत्री महिपाल ढांडा को पलवल और सोनीपत, मंत्री विपुल गोयल को नूंह और महेंद्रगढ़, मंत्री अरविंद शर्मा को हिसार और चरखी दादरी, मंत्री श्याम सिंह राणा को करनाल और कैथल, मंत्री रणबीर गंगवा को पानीपत और रेवाड़ी, मंत्री कृष्ण कुमार को अंबाला और फतेहाबाद, मंत्री श्रुति चौधरी को रोहतक, मंत्री आरती सिंह राव को फरीदाबाद, राज्य मंत्री राजेश नागर को भिवानी तथा राज्य मंत्री गौरव गौतम को जींद जिले की जिम्मेदारी सरकार द्वारा सौंपी गई है।

## हड़ताल में शामिल 46 सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार ने नहीं रखा काम पर, नाराजगी

# कर्मचारी नेताओं ने चेताया- ठेका कर्मी वापस नहीं लिए तो फिर ठप होगी सफाई व्यवस्था

- 13 दिन के बाद सरकार के साथ मांगों पर सहमति बनने पर खत्म हुई थी हड़ताल, कर्मचारी नेताओं ने संयुक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर दिया दो दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नगर निगम कार्यालय में एकत्रित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ ने हड़ताल में शामिल रहे ठेका सफाई कर्मचारियों को दोबारा काम पर नहीं रखने के विरोध में मंगलवार को रोष जताया। कर्मचारी नेताओं ने संयुक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर कर्मचारियों को काम पर नहीं लिया गया तो वे फिर से हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। संघ के जिला प्रधान शंभू टांक और प्रदेश सचिव राकेश चावरिया ने कहा कि प्रदेशभर में कई स्थानों पर हड़ताल में शामिल कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। रोहतक में भी 46 सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार द्वारा काम पर नहीं रखा गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हाल ही में सफाई कर्मचारियों की 13 दिन तक चली हड़ताल सरकार के साथ मांगों पर सहमति बनने के बाद समाप्त हुई थी। उस दौरान सरकार और प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को किसी प्रकार की प्रताड़ना या कार्रवाई नहीं करने का भरोसा दिया गया था। उन्होंने मांग की थी कि ठेके के कर्मचारियों को हड़ताल के बाद वापिस काम पर लिया जाए। कई जगह दोबारा काम पर रखा गया है लेकिन रोहतक में 46 ठेका कर्मचारियों को काम से बाहर रखना समझौते का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार जानबूझकर हड़ताल में सक्रिय कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। इससे कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। संघ नेताओं ने कहा कि यदि समाधान नहीं हुआ तो प्रदेश स्तर पर हड़ताल की जाएगी। संयुक्त आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि सभी हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत काम पर वापस लिया जाए और ठेकेदारों की मनमानी पर रोक लगाई जाए। कर्मचारी नेताओं ने प्रशासन को दो दिन का समय देते हुए स्पष्ट किया कि मांगें नहीं मानी गईं तो दोबारा हड़ताल शुरू की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। इससे पूर्व हुई बैठक में राज्य सचिव राकेश चावरिया, जिला सचिव राजपाल टॉक, जिला कोषाध्यक्ष रवि चढ़ा, सिकंदर बिड़लान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**राहत** यात्रियों के विरोध, प्रशासन की सख्ती और बढ़ती यातायात समस्याओं को देखते हुए यूनियन बैकफुट पर

# फैसला वापस, अभी नहीं बढ़ाया जाएगा ऑटो का किराया

- पिछले सप्ताह डीजल के रेट में 3 रुपये बढ़ने पर किया था प्रति सवारी 25 रुपये किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऑटो थ्री व्हीलर किराए को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद आखिरकार शांत हो गया। ऑटो यूनियन ने किराया बढ़ाने के निर्णय को वापस ले लिया है। पहले प्रति सवारी किराया 20 रुपये था, जिसे पिछले सप्ताह बढ़ाकर 25 रुपये कर दिया गया था। लेकिन यात्रियों के लगातार विरोध, प्रशासन की सख्ती और शहर में बढ़ती यातायात समस्याओं को देखते हुए यूनियन ने अपना फैसला वापस लेते हुए किराया दोबारा 20 रुपये प्रति सवारी कर दिया है। इससे आम यात्रियों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, शहर में करीब पंद्रह हजार ऑटो संचालित हो रहे हैं। बड़ी संख्या में ऑटो होने के कारण पहले से ही ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रहती है। ऐसे में किराया बढ़ाने के फैसले ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी थी।

रोजाना नौकरी, पढ़ाई और बाजार जाने वाले लोगों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा था। खासकर विद्यार्थियों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों ने किराया वृद्धि का खुलकर विरोध किया था। साथ ही कई हजार ई रिक्शा भी चल रही हैं। यात्रियों का कहना था कि पहले ही शहर में महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में ऑटो किराए में अचानक 5 रुपये की बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर सीधा असर डाल रही थी। कई लोगों ने सोशल मीडिया और प्रशासनिक अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाई। इसके बाद प्रशासन ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।



### दोबारा डीजल के रेट बढ़े तो पड़ेगा असर

ऑटो यूनियन का कहना है कि डीजल, सीएनजी और वाहन रखरखाव का खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण किराया बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। हालांकि जनता की परेशानी और प्रशासन के निर्देश को देखते हुए यूनियन ने फिलहाल किराया वापस लेने का फैसला किया है। फिलहाल किराया कम होने से यात्रियों में संतोष है, लेकिन शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और बिना रूट चल रहे ऑटो अब भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

### यहां लग रहे जाम

शहर में बिना रोकटोक के बड़ी संख्या में ऑटो चल रहे हैं। यही वजह है कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, गोहाना अड्डा, सिविल रोड, दिल्ली बाइपास, मेडिकल मोड़, पावर हाउस, मॉडल टाउन, अशोका चौक, झज्जर रोड और बस स्टैंड के आसपास सबसे अधिक ट्रैफिक दबाव देखा जाता है। कई ऑटो चालक सवारी भरने के लिए सड़क के बीचों बीच वाहन रोक देते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है।

### अब डीजल के दाम बढ़े तो किराया बढ़ाने का लेंगे फैसला



डीजल के रेट बढ़ने के बाद यह निर्णय लिया गया था कि 5 रुपए प्रति सवारी कराया बढ़ाया जाए, लेकिन कुछ लोगों ने इस पर विरोध जताया है। साथ ही ऑटो चालकों और यात्रियों ने भी रेट न बढ़ाने के लिए कहा है। जब आगे कभी डीजल के दाम बढ़े तो किराया बढ़ाने पर फैसला लिया जाएगा।

**-तस्वीर टांक, प्रदेश अध्यक्ष, ऑटो यूनियन हरियाणा**

# पति के साथ डिनर पर जा रही महिला के गले से चेन झपटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रीत विहार क्षेत्र में पति के साथ रात्रि भोज के लिए जा रही महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन झपट ले गए। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

प्रीत विहार निवासी सरिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब 8:50 बजे वह अपने पति अश्वनी के साथ मन्नत हवेली में रात्रि भोज के लिए गई थी। दोनों ने गाड़ी पार्किंग में खड़ी की और जैसे ही हवेली की तरफ पैदल बढ़ने लगे, तभी पीछे से बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। महिला ने बताया कि बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट लगाया हुआ था, जबकि पीछे बैठे युवक ने कपड़े से अपना चेहरा ढक रखा था। पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट तोड़ लिया। वारदात इतनी तेजी से हुई कि दंपती संभल भी नहीं पाए और आरोपी मौके से फरार हो गए।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी वारदात

घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें बाइक सवार दोनों युवक वारदात करते नजर आए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

# नीट रद्द होने से युवाओं की उम्मीद टूटी, उत्साह हुआ कम

## शिक्षकों की राय, सरकार पेपर लीक रोकने के लिए उठाए सख्त कदम

- बिना परमिशन के चल रहे कोचिंग सेंटरों पर कसें लगाम

हरिभूमि सिटी पल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नीट परीक्षा रद्द होने की खबर से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लाखों विद्यार्थियों की मेहनत और उम्मीदों पर पानी फिरने से युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। कई छात्रों ने महीनों तक दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की थी, लेकिन पेपर लीक और अनियमितताओं के कारण परीक्षा रद्द होने से उनमें निराशा और गुस्सा है।

इस विषय को लेकर शिक्षकों का कहना है कि सरकार और संबंधित एजेंसियों को परीक्षा प्रक्रिया में और अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी। यदि समय रहते सख्ती और निगरानी की जाती तो पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोका जा सकता था। शिक्षकों ने कहा कि बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएं शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसियों की जवाबदेही तय की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षकों ने यह भी कहा कि कई स्थानों पर बिना मान्यता के कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां छात्रों को गलत तरीके से तैयारी कराने और परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी देने के नाम पर भ्रमित किया जाता है। ऐसे कोचिंग सेंटरों पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उनका कहना है कि शिक्षा के नाम पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर रोक लगाना बेहद जरूरी है। छात्रों और अभिभावकों ने सरकार से मांग की है कि जल्द निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित कराई जाए ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले छात्रों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

### सतर्कता बढ़ानी चाहिए



नीट परीक्षा की तैयारी में विद्यार्थी अपना जीवन खपा लेते हैं। उनका परिवार भी साथ में मेहनत करता है। परिवार और बच्चों को पूरी उम्मीद होती है कि वह नीट में कामयाब होंगे। लेकिन जब पेपर लीक होता है तो युवाओं की उम्मीद टूट जाती है। मेहनत करने वाले विद्यार्थी की मेहनत बेकार हो जाती है। सरकार को और परीक्षा लेने वाली एजेंसियों को और ज्यादा सतर्कता बढ़ानी चाहिए। बिना परमिशन चल रहे कोचिंग सेंटर बंद होने चाहिए। -सुरेंद्र फौगाट, डायरेक्टर, एचडी पब्लिक स्कूल

### भविष्य में दोबारा न हो



विद्यार्थी बड़ी ही मेहनत से नीट की परीक्षा की तैयारी करते हैं। उन्हें परीक्षा से बहुत उम्मीद होती हैं, ताकि इसे पास करके वह अपने सपने पूरे कर सकें। लेकिन इतने बड़े स्तर की परीक्षा के पेपर लीक हो जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होता है। इससे लाखों विद्यार्थी प्रभावित होते हैं। परीक्षा लेने वाली एजेंसियों को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा दोबारा न हो। साथ ही छात्रों को पूरे उत्साह से तैयारी जारी रखनी चाहिए। -दीपक कुमार वशिष्ठ, प्राचार्य इंडस पब्लिक स्कूल

## सरकारी स्कूल में चोरी के मामले में दो आरोपी धरे

रोहतक। गांव बनियानी स्थित सरकारी स्कूल में हुई चोरी की वारदात को पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। थाना कलानौर पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नोनंद निवासी शेरसिंह और जिंदराण निवासी रवि के रूप में हुई है। स्कूल प्रिंसिपल की शिकायत के अनुसार 21 जनवरी 2026 को स्कूल के ताले टूटे मिले थे और चोर सीपीयू, प्रिंटर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने जांच के दौरान सुराग जुटाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। अदालत में पेश करने के बाद दोनों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस चोरी का सामान बरामद करने और अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी

दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान चोरी किए गए सामान की बरामदगी और वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## विड़बना: सीपेज रोकना हित में या खिलाफ, किसान और सरकार आमने-सामने

# ना दाना ना पानी

# बढ़ता भूजल स्तर खेती के लिए खतरा, मीठे पानी का भी संकट

**रोहतक जिले की 87.9% और झज्जर की 82.4% जमीन है सेमग्रस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में इस समय भालौठ सब ब्रांच के बेड को कंकरीट और लोहे से पक्का किया जा रहा है। तीन-चार पहले जेएलएन को पक्का किया गया था। लेकिन अब किसानों ने बेड पक्का करने का विरोध शुरू कर दिया है। सरकार की ये काम जल प्रबंधन की दोहरी चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। एक तरफ सिंचाई विभाग लगातार बढ़ते भूजल स्तर और जलभराव को भविष्य का खतरा मानते हुए सीपेज रोकने को जरूरी बता रहा है, तो दूसरी तरफ किसानों को आशंका है कि ऐसा होने पर मीठे पानी का संकट और गहरा सकता है। ध्यान रहे भालौठ सब ब्रांच नहर रोहतक और झज्जर जिले की सिंचाई करती है। रोहतक के कुल कृषि योग्य रकबे 412436 में से 362361(87.9 प्रतिशत) एकड़ और झज्जर की 470036 में से 387422(82.4 प्रतिशत) एकड़ सेमग्रस्त है। ऐसे में सिंचाई विभाग भी अपनी जगह सही है। इसलिए नहरों के बेड सीमेंट और लोहे से पक्का कर रहा है।



रोहतक। गांव बोहर में पानी भरती महिलाएं।



गांव पहरावर में पानी भरते लोग। फोटो: हरिभूमि

### बड़ी आबादी को नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पाती

रोहतक जिले में भूजल पहले से ही खारा है। ऐसे में नहरों से होने वाली प्राकृतिक सीपेज वर्षों से जमीन के भीतर मीठे पानी का एक सहारा बनी हुई है। किसानों का कहना है कि नहरों से रिसने वाला पानी जमीन में जाकर भूजल को रिचार्ज करता है, जिससे आसपास के ट्यूबवेल चलते हैं और खेतों की सिंचाई होती है। यही नहीं, शहर और गांवों में पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था भी कई जगह इन्हीं जल स्रोतों पर निर्भर है। शहर के लोगों का कहना है कि बड़ी आबादी को सालभर नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पाती। ऐसे में हैंडपंप ही हमारा सहारा बनते हैं। यदि नहरों की सीपेज बंद हो गई तो भूमिगत मीठे पानी पर असर पड़ सकता है। शहर में सोनीपत रोड पर दर्जनों हैंडपम्पों का लोग पानी पीते हैं।

### खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान

सिंचाई विभाग के अनुसार रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दशकों से लगातार बढ़ते भूजल स्तर के कारण जलभराव और सेम की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और कृषि योग्य भूमि प्रभावित हो रही है। विभाग का मानना है कि नहरों से होने वाली लगातार सीपेज इस समस्या को बढ़ा रही है। इसी कारण नहरों के बेड को सीमेंट और लोहे से पक्का करने का काम किया जा रहा है, ताकि पानी का रिसाव रोका जा सके।हालांकि दूसरी ओर किसानों और ग्रामीणों को आशंका है कि यदि सीपेज पूरी तरह बंद हो गई तो भूमिगत मीठे पानी का स्तर घट सकता है। रोहतक क्षेत्र में भूजल पहले से खारा होने के कारण नहरों का रिसाव ही कई जगह मीठे पानी का मुख्य स्रोत माना जाता है।

### धरना स्थल पर रिठाल, धामड़, किलोई, कान्ही के लोग डटे

मंगलवार को तीसरे दिन धरना स्थल पर रिठाल, धामड़, किलोई और कान्ही गांवों के डटे रहे। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जताई। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ग्रामीणों की चिंताओं को गंभीरता से नहीं ले रहा। उनका कहना है कि भीषण गर्मी के बीच भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। धरने में उमेद सिंह, रणधीर धामड़, प्रीत सिंह, अशोक दुहन, सुमित दलाल, बीरमती हुड्डा, राजपाल बेनीवाल और वजीर सरपंच सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा और किसान मजदूर मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी आंदोलन को समर्थन दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार रोहतक और नहर विभाग के एसडीओ भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी मांगों को सुना। आंदोलनकारियों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी चिंताएं और आपत्तियां दर्ज कराईं।



याद बहुत आते हैं वो दिन...

# अभावों-संघर्षों के बीच जिंदगी को दी नई दिशा

**पीके सिंघल का जीवन संघर्ष और मेहनत की मिसाल है। आर्थिक तंगी और अभावों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और सरकारी नौकरी हासिल की। वे मानते हैं कि सरकारी नौकरी सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक होती है।**



पीके सिंघल

पीके सिंघल कहते है सरकारी नौकरी, सरकारी ही होती है, चाहे किसी भी विभाग में हो। अभावों और संघर्षों के बीच अपनी जिंदगी को मेहनत के दम पर नई दिशा दी। पीके सिंगल बताते हैं कि उनका बचपन बेहद कठिन परिस्थितियों में बीता। परिवार के पास अपनी जमीन तक नहीं थी। आर्थिक तंगी के बावजूद उनके पिता ने कभी शिक्षा से समझौता नहीं किया। वे कहते हैं कि उनके पिता का मानना था कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई और खेल दोनों जरूरी हैं। यही कारण था कि पढ़ाई के साथ-साथ वे उन्हें गांव के दूसरे लोगों के खेतों में पहलवानी करने भी ले जाते थे। सिंगल कहते हैं कि उस समय सुविधाएं कम थीं, लेकिन हौसले बड़े थे। पिता की मेहनत और अनुशासन ने ही उन्हें जिंदगी में संघर्ष करना सिखाया। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और बाद में सरकारी नौकरी हासिल की। वे मानते हैं कि सरकारी नौकरी केवल रोजगार नहीं बल्कि सम्मान, स्थिरता और जिम्मेदारी का प्रतीक होती है। उन्होंने कहा कि नौकरी चाहे किसी भी विभाग में हो, यदि इंसान ईमानदारी और लगन से काम करे तो वही नौकरी उसके परिवार और समाज में पहचान बना देती है।



### अनुशासन जरूरी

पीके सिंघल युवाओं को कठिनाइयों से न घबराकर मेहनत और अनुशासन से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। शिक्षा, संस्कार और परिवार का सहयोग सफलता की कुंजी हैं। संस्कार और अनुशासन ही जीवन को सही दिशा देते हैं।

### सीमित संसाधनों के बावजूद हार नहीं मानी

आज मेरी जिंदगी में जो भी सफलता है, वह मेरे पिता की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है।" यह कहना है सुभाष का, जो अपनी हर उपलब्धि का श्रेय अपने पिता को देते हैं। मेरा बचपन साधारण परिस्थितियों में बीता। परिवार के पास सीमित संसाधन थे, लेकिन उनके पिता ने बच्चों की पढ़ाई और संस्कारों में कभी कमी नहीं आने दी।उन्होंने दिन-रात मेहनत कर परिवार को संभाला और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किए। आर्थिक परेशानियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हमेशा बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सुभाष के अनुसार, उनके पिता का सपना था कि उनके बच्चे समाज में सम्मान के साथ अपनी पहचान बनाएं। आज सुभाष अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने पिता को देते हैं। उनका मानना है कि माता-पिता का संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता।



### पिता के लठों ने हमें शिक्षा का महत्व समझाया

"पिता के लठों ने ही हमें शिक्षा का महत्व समझाया था। उन्हीं की राह पर चला और आज मेरे बच्चे शिक्षक बन चुके हैं।" यह कहना है हरीश खन्ना का, जो अपने पिता के अनुशासन और संस्कारों को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी मानते हैं। हरीश बताते हैं कि बचपन में उनके पिता पढ़ाई को लेकर बेहद सख्त थे। गलती होने पर डांट पड़ती थी और कई बार लाठी की मार भी सहनी पड़ती थी। उस समय यह सख्ती कठोर लगती थी, लेकिन समय के साथ उन्हें समझ आया कि पिता का उद्देश्य बच्चों का भविष्य संवारना था। आर्थिक कठिनाइयों और सीमित संसाधनों के बावजूद उनके पिता ने शिक्षा को हमेशा सबसे ऊपर रखा। वे कहते थे कि शिक्षा इंसान की सबसे बड़ी ताकत होती है। पिता की इसी सोच को अपनाकर हरीश ने अपने बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों का परिणाम यह रहा कि आज उनके बच्चे शिक्षक बन चुके हैं।



## गढ़ी बल्लभ स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

रोहतक। शहीद युद्धवीर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय, गढ़ी बल्लभ का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इस शानदार सफलता पर स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परीक्षा में छात्रा रिद्धि ने 500 में से 486 अंक पाकर पहला स्थान हासिल किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने रिद्धि को नोटों की माला पहनाकर, और स्कूल मुखिया मंजू वशिष्ठ ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में दूसरे स्थान पर रही सानिया और तीसरे स्थान पर रहे संजय को भी स्मृति चिन्ह दिए गए। इसके साथ ही प्राथमिक स्कूल के इंचार्ज राजेश चौहान ने तीनों बच्चों को 500-500 रुपये, जेबीटी शिक्षक तेज सिंह, पूर्व सरपंच श्रीभगवान और जेठपुर के सरपंच नरेश ने रिद्धि को 1000-1000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। एसएमसी सदस्यों और ग्रामीणों ने पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## ओमेक्स सिटी के पास खेतों में भड़की आग

- आग के नजदीक स्कूल होने से बढ़ी चिंता समय रहते काबू पाने से बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओमेक्स सिटी के पास मंगलवार शाम खेतों में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने सूखी फसलों और घास को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंच गए। सबसे बड़ी चिंता यह थी कि आग के नजदीक ही एक स्कूल स्थित था। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेतों से अचानक धुआं उठना शुरू हुआ और कुछ ही देर में आग तेजी से फैलने लगी। तेज हवा के कारण लपटें आसपास की तरफ बढ़ रही थीं। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन उससे पहले ही स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। लोग बाल्टियों में पानी भरकर लाए, जबकि कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर आग को फैलने से रोका। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई और बची हुई आग को पूरी तरह बुझाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग स्कूल परिसर या आसपास खड़े वाहनों तक पहुंच जाती तो भारी नुकसान हो सकता था।



## तेल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित कांग्रेस भवन में मंगलवार को कांग्रेस कमेटी की ओर से पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों व पेपर लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एडीसी नरेंद्र कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य चक्रवर्ती शर्मा व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी कर रही है। जिससे आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने कहा कि भाजपा सरकार ने रसोई गैस को भी हजार रुपए पर पहुंचा दिया है। इस मौके पर पंकज सचदेवा, कदमसिंह अहलावत, बलजीत राणा, राकेश हुड्डा, निर्मल बल्हारा, राज बहादुर शर्मा, बालकिशन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता ही संगठन की मुख्य ताकत : फणींद्रनाथ शर्मा



रोहतक। रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगलकमल में जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा हुई। फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान हाल ही में आयोजित जिला प्रशिक्षण शिविर की समीक्षा भी की गई। बैठक में कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने राहुल व एक अन्य युवक को किया था गिरफ्तार

एसपी से मिले परिजन

# दूल्हे को सेहरा नहीं, हाथों में हथकड़ी: शादी से 8 दिन पहले दोस्त की मौत ने बदल दी राहुल की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव डोभ में दोस्ती, शादी की खुशियां और परिवार की तैयारियां अचानक मातम और पुलिस केस में बदल गईं। 15 मई को सिर पर सेहरा सजाने की तैयारी कर रहा राहुल अब जेल की सलाखों के पीछे है। वजह बना उसका दोस्त आनंद, जिसकी 7 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। मंगलवार को राहुल के परिजन न्याय की मांग को लेकर एसपी से मिले।

बता दे कि जिस घर में शहनाई बजनी थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। परिवार का दावा है कि यह हत्या नहीं बल्कि हादसा या आत्महत्या थी, लेकिन मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने राहुल और एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### शादी के कार्ड बांटने जाना था

परिजनों के मुताबिक राहुल और उसका भाई अंकित दोनों की शादी 15 मई को होनी थी। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना शुरू हो चुका था। आनंद भी परिवार जैसा ही था। बताया गया कि आनंद की बहन के घर शादी का कार्ड देने राहुल को जाना था, इसलिए आनंद उसके घर पहुंचा था, ताकि दोनों साथ जा सकें, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद पूरा माहौल बदल गया।

### दोस्त को बचाने दौड़ा राहुल, अब खुद आरोपी

परिवार का कहना है कि राहुल ने तुरंत दोस्तों को बुलाया और आनंद को गाड़ी में डालकर निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का दावा है कि हादसे के वक्त वीडियो कॉल चालू थी और कॉल पर मौजूद महिला ने भी पुलिस को बयान दिए हैं। इसके बावजूद आनंद के परिवार ने राहुल पर हत्या का आरोप लगा दिया।

### परिजन बोले- जिगरी दोस्त की मौत ने ही फंसा दिया

राहुल के परिजन राज सिंह ने कहा कि आनंद और राहुल की गहरी दोस्ती थी। दोनों अक्सर साथ रहते थे। जिस युवक की शादी में शामिल होने की तैयारी थी, उसी की मौत के मामले में राहुल को झूठा फंसा दिया गया। उन्होंने कहा कि घटना के समय आनंद कमरे में अकेला था और राहुल नीचे खाना खा रहा था। राहुल तो उसे बचाने अस्पताल लेकर गया था।

### ऐसे अचानक चल गई गोली

राहुल के बड़े भाई अंकित ने बताया कि उस समय राहुल नीचे बैठकर खाना खा रहा था, जबकि आनंद को किसी महिला की वीडियो कॉल आई। बात करते-करते आनंद ऊपर वाले कमरे में चला गया, जहां उसके मामा की लाइसेंसी पिस्तौल रखी थी। परिजनों का दावा है कि आनंद वीडियो कॉल पर महिला को पिस्तौल दिखा रहा था। इसी दौरान उसने पिस्तौल सीने पर लगाई और अचानक गोली चल गई। गोली सीधे उसकी छाती में लगी। गोली की आवाज सुनकर राहुल ऊपर पहुंचा तो आनंद खून से लथपथ पड़ा था।

### पुलिस बोली- जांच जारी

पुलिस पीआरओ मनीष हुड्डा ने बताया कि मृतक आनंद के भाई दीपक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में राहुल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दूसरे आरोपी मंजीत को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## खेती के लिए माड़ौदी को मॉडल गांव के रूप में चुना

रोहतक। जिला प्रशासन ने गांव माड़ौदी को खेती-किसानी के लिए मॉडल गांव के रूप में चुना है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि व उद्यान विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।उद्यान विभाग अब तक जिले के 18 गांवों में शिविर लगाकर किसानों को बागवानी फसलें और सहायक व्यवसाय अपनाने के लिए प्रेरित कर चुका है। सरकार अमरूद, बेर, नींबू और किन्नू के नए बाग लगाने पर पहले वर्ष 25,200 रुपये प्रति एकड़ और दूसरे वर्ष 16,800 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दे रही है। मंगलवार को माड़ौदी गांव में आयोजित शिविर में किसानों को सरकारी योजनाओं और जुलाई-अगस्त में नए बाग लगाने की जानकारी दी गई। रोहतक, महम, कलानौर, सांपला और लाखनमाजरा खंड के विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं।